संख्या-09/2016/105/60-2-16-2/13(57)/03 टी.सी.

प्रेषक,

अरूण कुमार मिश्र
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 03 मार्च, 2016

विषय : आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम के पी0एल0ए0 खाते से धनराशि आहरित कर राजकोष में जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2005/बा0वि0परि0/स0ग्रा0वि0यो0/2015-16, दिनांक 08.01.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा शासन के पत्र दिनांक 23.10.2015 द्वारा जनपद अम्बेडकर नगर हेतु 28 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण हेतु द्वितीय किश्त के रूप में निर्गत धनराशि रूपये 66.50 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 28.50 लाख कोषागार में जमा कराये जाने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2. उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भित पत्र दिनांक 08.01.2016 में उल्लिखित तथ्यों/संस्तुति के क्रम में आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम के पी0एल0ए0 खाते से धनराशि रूपये 28.50 लाख आहरित कर राजकोष में जमा कराने की अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। अतः अनुरोध है कि तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ई-3-278/दस-2016, दिनांक 01.03.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अरूण कुमार मिश्र)
विशेष सचिव

संख्या-09/2016/105(1)/60-2-16-2/3(57)/03 टी.सी. तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधान महालेखाकार (जनरल एण्ड सोशल सेक्टर आडिट), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1।
5. वित्त संसाधन केन्द्रीय सहायता अनुभाग/राज्य योजना आयोग-1।
6. आहरण एवं वितरण अधिकारी, निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, लखनऊ
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनिराम सिंह)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in